हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 7 जुलाई 2024

04 सहकारिता का मूलमंत्र है हम सब एक के लिए, एक...



07 प्रधानमंत्री सड़क की पुलिया निर्माण में उजागर...





## खबर संक्षेप

### निर्माण के दौरान बुजुर्ग की छत से गिरने से मौत

**सीहोर।** बुदनी नगर के वार्ड -7 तहसील कार्यालय के पास शॉपिंग कांप्लेक्स का निर्माण किया जा रहा है। इस दौरान शुक्रवार दोपहर युवक रमेश पवार पिता देवी पवार उम्र 50 वर्ष तालपुरा निवासी दुकान की छत से गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युवक इस शॉपिंग -कांप्लेक्स में मजदूरी का काम करता था और सेटिंग निकालने के लिए छत पर कार्य कर रहा था। इसी दौरान हादसा हुआ और वह छत से नीचे गिर गया।

### डाबरी गांव के नाले में मिला मृत नवजात

**सीहोर।** शुक्रवार को नगर के पार्वती थाना अंतर्गत डाबरी गांव के नाले में एक नवजात शिशु का शव मिला। जिसे देखने लोगों की भीड़ जमा हो गई। नवजात 5 से 6 महीने का है। शुक्रवार की शाम 4 बजे पुलिस को सूचना मिली कि डाबरी गांव के नाले में एक नवजात शिशु का शव पड़ा हुआ है। पार्वती थाना प्रभारी चिन्मय मिश्रा ने पंचनामा बनाकर शव को पीएम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया। पार्वती थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में मर्ग कायम कर जांच की जाएगी।

### 3 हजार 256 पदों पर होगी भर्ती

**सीहोर।** एयर इंडिया एयरपोर्ट सर्विसेज में हैंडी मैन सर्विस एग्जीक्यूटिव, यूटिलिटी एजेंट्स समेत विभिन्न 3 हजार 256 पदों पर भर्ती निकाली है। चयन वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से किया जाएगा। ये 12 से 16 जुलाई तक सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक होंगे।

### लोक अदालत 13 को, मिल सकेगा छूट का लाभ

**सीहोर।** गुरुवार को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नेशनल लोक अदालत में छूट संबंधी आदेश जारी कर दिया है। इसके पूर्व 11 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया था, लेकिन लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण नागरिकों को इस छूट का लाभ नहीं दिया जा सका था।

### मूंग और उड़द का 31 तक होगा उपार्जन

**सीहोर।** राज्य सरकार ने ग्रीष्मकालीन मौसम वर्ष 2024 में प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत प्रदेश के जिलों में समर्थन मूल्य पर कृषकों द्वारा उत्पादित ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द की उपज का उचित दर पर उपार्जन करने का निर्णय लिया गया है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने बताया है कि उपार्जन कार्य 24 जून से आरंभ हो गया है। किसान से ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द का उपार्जन 31 जुलाई तक किया जाएगा।

## बारिश के बाद शहर की कई कॉलोनियों में पसरी गंदगी, नागरिक परेशान

# शहर की सड़कों पर गंदगी, रुके हुए पानी और कीचड़ में पनप रहे मच्छर

सबसे अधिक हालत खराब भोपाल नाके के पास मौजूद विश्वनाथ पुरी एवं अवधपुरी और चाणक्यपुरी कॉलोनी के हैं। जहां जगह-जगह सड़कों पर कीचड़ एवं गंदगी पसरी हुई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बारिश के बाद शहर की कई कॉलोनी एवं सड़कें कीचड़ से पट गई हैं। जिस कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। बारिश के बाद शहर की कई कॉलोनियों में गंदगी पसर गई है। इन दिनों समय पर सफाई न होने से रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सबसे अधिक हालत खराब भोपाल नाके के पास मौजूद विश्वनाथ पुरी एवं अवधपुरी और चाणक्यपुरी कॉलोनियों की हो गई है। जहां जगह-जगह सड़कों पर कीचड़ एवं गंदगी पसरी हुई है। जिससे लोगों का रास्ते से निकलना मुश्किल हो गया है। सड़क पर रुके हुए पानी एवं कीचड़ की वजह से मच्छर एवं कई हानिकारक जीव पनपने लगे हैं। जिस कारण लोगों को बीमारी फैलने का खतरा सताने लगा है। कई बार तो रहवासी इलाकों के लोगों के चार पहिया एवं दुपहिया वाहन ऐसे रास्ते पर फंस जाते हैं, जिससे उन्हें वाहन निकालने में समस्या होती है। सड़क पर कीचड़ भोपाल नाके के पास की कॉलोनियों में बारिश का पानी जमा हो गया है। जो अब कीचड़ में तब्दील होता जा रहा है। जिससे यहां के लोगों को तो समस्या का सामना करना ही पड़ रहा है, इसके साथ साथ दिनों दिन बढ़ रहे कीचड़ में हानिकारक जीव और मच्छर पनपने लगे हैं। जो आसपास के घरों में रहने वाले लोगों को बीमार कर रहे हैं।

सड़क के आसपास फैला कचरा विश्वनाथ पुरी एवं अवधपुरी और चाणक्यपुरी कॉलोनियों की सड़क के आसपास फैले कचरे में बदबू आने लगी है, जिससे कॉलोनियों में शाम के समय घूमने वाले लोगों को दिक्कत हो रही है। अवधपुरी में रहने वाले अतुल एवं रोहित का कहना है गंदगी की वजह से उनका रहना मुश्किल हो गया है। फिसलकर गिर रहे बाइक सवार सड़क पर कीचड़ फिलान होने एवं जगह-जगह उखड़ी सड़क पर पानी भरा होने की वजह से सड़क से गुजरने वाले बाइक सवार फिसलकर गिर रहे हैं। जिससे उन्हें चोट लग रही है और वे घायल हो रहे हैं। गंदगी होने से लोगों के कपड़े भी खराब हो रहे हैं।

## राज्य स्तरीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का हुआ सिलेक्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला वेट लिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव सत्यनारायण वारिया ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बुधवार को जिला स्तरीय वेट लिफ्टिंग टीम का ट्रायल हुआ, जिसमें वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें चयनित महिला वर्ग खिलाड़ियों में पारूल साहू 49 किग्रा वर्ग, हनी परमार 59 किग्रा वर्ग, शीतल राजपूत 64 किग्रा वर्ग में सिलेक्शन हुआ।

वहीं जुनियर पुरूष वर्ग में करण शर्मा 55 किग्रा वर्ग, समीर सामन्ता 67 किग्रा वर्ग, सौरभ शर्मा, 67 किग्रा वर्ग, मेहुल विश्वकर्मा 73 किग्रा वर्ग, अमन वर्मा 73 किग्रा वर्ग, राज चन्द्रवंशी 81 किग्रा वर्ग, अभिषेक वर्मा 81 किग्रा वर्ग, अभिषेक मेवाड़ा 96 किग्रा वर्ग, यूथ मनु सोनी 96 किग्रा वर्ग, सिनियर वर्ग में विकास वारिया 67 किग्रा वर्ग, विश्वजीत सिंह राजपूत 102 किग्रा वर्ग में खेल एवं युवक कल्याण विभाग से राजेन्द्र वर्मा, उमाशंकर गुप्ता, वरिष्ठ खिलाड़ी मोहन पारासर, सीहोर जिला वेट लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत सोनी, सचिव सत्यनारायण वारिया, कोषाध्यक्ष नितिन शर्मा, पवन पहलवान, प्रमोद उईके के द्वारा खिलाड़ियों का चयन किया गया। उक्त खिलाड़ी आगामी दिनांक 31 अगस्त एवं 1 सितम्बर 2024 को श्रीराम जिमनेशियम रोबोट चौराहा, इन्दौर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे और सीहोर का परचम लहरायेगें। इनके चयन पर जिला खेल अधिकारी श्रीमती रूबिका दिवान सहित सभी खेल प्रेमियों ने इन बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### करंट लगने से एक की मौत, दो घायल, परिजनों ने एक व्यक्ति पर करंट फैलाने का आरोप लगाया

**सीहोर।** जिले में शुक्रवार देर रात करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई है। वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मामला इछावर थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार पटवारी कालोनी में एक चार वर्षीय बालक को उस समय करंट लग गया, जब वह खेल रहा था। उसे बचाने गए पति-पत्नी को भी करंट लग गया। जिसमें महिला बसकन्या ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं चार साल के बालक हंस और जसमत गंभीर रूप से झुलस गए। जिसमें बालक को उपचार के लिए अस्पताल रेफर कर दिया।

मामले में परिजनों का कहना है कि एक व्यक्ति द्वारा पटवारी कालोनी में करंट फैला रखा है इसके चलते यह घटना घटी है। इस मामले में इछावर थाना पुलिस ने मार्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### फर्जी कम्प्यूटर डिग्री से नौकरी कर रहे रोजगार सहायक को हटाया

**सीहोर।** जनपद पंचायत सीहोर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सीलखेड़ा में फर्जी डिग्री लगाकर नौकरी कर रहे रोजगार सहायक को हटाया दिया गया है। जानकारी अनुसार रोजगार सहायक जसपाल पिता जगदीश सिंह चंदेल के खिलाफ गांव के ही कुंजीलाल मीना ने शिकायत की थी कि जसपाल ने फर्जी कम्प्यूटर डिग्री के आधार पर रोजगार सहायक पद की नियुक्ति हासिल की है। शिकायत के संबंध में दो अप्रैल 2024 को जसपाल सिंह को अपना पक्ष रखने के लिए सात दिन में नियुक्ति के समय संलग्न डीसीए की अंकसूची संबंधित विश्वविद्यालय से प्रमाणित कराए जाकर जिला पंचायत कार्यालय उपलब्ध कराने को कहा गया था। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी ने उसे तत्काल सेवा से पृथक कर दिया है।

## महिलाकर्मी ने वर्धमान प्रबंधन पर लगाया मारपीट करने का आरोप, थाने में दर्ज कराई शिकायत

**बुधनी।** वर्धमान फैब्रिक्स में काम करने वाली एक महिला कर्मचारी ने प्रबंधन पर मारपीट करने और अपने आपको बचाकर भागने के दौरान फैक्ट्री के कर्मचारियों द्वारा गाड़ी से पीछा करने का आरोप लगाया है। मामला 1 जुलाई का बताया जा रहा है। पीड़िता ने बताया कि पहले वह परिवार के साथ नर्मदापुरम पुलिस के पास भी पहुंची थी लेकिन उन्हें बुधनी थाने जाने को कहा गया। इस पर उसने नए कानून के तहत ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर अब बुधनी पुलिस ने शनिवार को पीड़िता के बयान लिए और शिकायत दर्ज की। शिकायतकर्ता महिला ने बयानों में कहा कि वह नर्मदापुरम लि के डोलरिया गांव की रहने वाली है। पिछले 3 सालों से वर्धमान फैब्रिक्स में काम कर रही है। विगत एक जुलाई को जब वह सुबह कारखाने पहुंची तो उसे मालूम हुआ उसका




स्थानांतरण कारखाने में किसी और स्थान पर कर दिया गया है। लेबर ऑफिसर से उसने जब पूछा कि उसका विभाग बदला क्यों गया है तो उन्होंने पीड़िता से कहा कि जहां भेजा गया है वहीं नौकरी कर इसके बाद मैं बताए स्थान पर पहुंची। जहां जितेंद्र त्रिपाठी नामक व्यक्ति ने इंतजार करने को कहा और इसके बाद मैं रेस्ट रूम में चली गई। जहां शिवानी सराठे आई और कहासुनी के बाद मुझे थप्पड़ मार दिया तथा रेस्ट रूम का दरवाजा बंद करने के बाद जितेंद्र, सुनील, शिवानी, सुरेश ने मिलकर मुझसे बदतमीजी की और मेरा हाथ मोड़ दिया। मैं जैसे तैसे वहां से भागी और गेट पर आई जहां सुरक्षा कर्मियों ने मुझे पड़कर अंदर घसीटने का प्रयास किया मैं चिल्लाई तब उन्होंने मुझे छोड़ दिया। मैं एक गाड़ी पर बैठकर अपने घर की ओर निकली लेकिन कंपनी के कर्मचारियों ने ऑटो से मेरा पीछा भी किया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में जब वर्धमान फैब्रिक्स प्रबंधन से संपर्क करना चाहा तो उन्होंने कॉल रिसिव नहीं किया। थाना प्रभारी चैन सिंह रघुवंशी ने बताया कि वर्धमान फैक्ट्री के प्रबंधन के खिलाफ एक महिला ने नए कानून के तहत ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### पति ने कुल्हाड़ी से मारकर पत्नी को उतारा मौत के घाट

# पुलिस ने पति को गिरफ्तार किया पति-पत्नी के बीच होता था विवाद

**बुधनी।** जिले के बुधनी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले एक गांव में पति ने अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन अभी तक वारदात का कारण ज्ञात नहीं हो सका है।



जानकारी के अनुसार बुधनी के वार्ड क्रमांक 13 में शुक्रवार देर रात अज्ञात कारणों के चलते राजेश पिता मंगलू ने पत्नी रेखा बाई की गर्दन पर कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। कुल्हाड़ी की मार इतनी तेज थी कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई। बुधनी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आरोपी पति राजेश को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया। महिला के शव को पंचनामा बना कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस संबंध में थाना प्रभारी बुधनी चैन सिंह रघुवंशी का कहना है कि पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वह आरोपी मजदूरी करता है। पुलिस के अनुसार, पति-पत्नी के बीच में अक्सर विवाद होता रहता था। आरोपी शराब के नशे का भी आदि है। इसी कारण घर में बार-बार पति-पत्नी के बीच वाद विवाद की स्थिति बनी रहती थी।

## जिले में बीते 24 घंटे में 6.9 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज



**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 6.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 1.2 मिलीमीटर, श्यामपुर में 25, आष्टा में 2, जावर में 12.3, इछावर में 7.5, भैरूंदा में 1, बुधनी में 0, रेहटी में 6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में एक जून से छह जुलाई को सुबह 8 बजे तक 172.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 187.4 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से छह जुलाई 2024 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 241.4 मिलीमीटर, श्यामपुर में 249.5, आष्टा में 121, जावर में 145.3, इछावर में 273.5, भैरूंदा में 110, बुधनी में 112 तथा रेहटी में 125.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### आज तीन घंटे तक किया जाएगा दुर्गा सप्तशती का पाठ

# नवरात्रि के पहले दिन किया मां का विशेष श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस साल भी शहर के विश्रामघाट के समीपस्थ मरीह माता मंदिर पर गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर दिव्य अनुष्ठान और विशेष हवन पूजन का आयोजन किया जा रहा है। यहां पर सुबह और शाम को आरती की जाती है। इसके अलावा प्रतिदिन मां का विशेष श्रृंगार किया जाता है। नवरात्रि के पहले दिन मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा, जिला संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा सहित अन्य श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की।

इस मौके पर मंच के श्री दीक्षित ने बताया कि पहले दिन जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा की प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की जाती है। साधक मां शैलपुत्री के निमित्त व्रत-उपवास करते है। अगर कोई व्यक्ति गुप्त नवरात्रि में सच्चे मन से 10 महाविद्याओं की पूजा करता है तो उसे जीवन के समस्त दुखों से छुटकारा मिल जाता है।



रविवार को मां के दूसरे रूप मां ब्रह्मचारणी की पूजा अर्चना के साथ ही मंदिर परिसर में कन्या पूजन के अलावा लगातार तीन घंटे तक दुर्गा सप्तशती पाठ का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सनातन शास्त्रों में निहित है कि कालांतर में प्रजापति दक्ष ने जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा की कठिन तपस्या की। प्रजापति दक्ष की कठिन भक्ति से प्रसन्न होकर मां दुर्गा प्रकट होकर बोली- मैं तुम्हारी भक्ति से प्रसन्न हूं। मांगों, तुम्हें क्या चाहिए। उस समय प्रजापति दक्ष ने मां को पुत्री रूप में प्राप्त करने का वरदान मांगा। मां दुर्गा यह कहकर अंतर्ध्यान हो गई कि जल्द सती रूप में तुम्हारे घर जन्म लूंगी। कालांतर में प्रजापति दक्ष के घर मां सती की जन्म हुआ। हालांकि, मानवीय रूप में मां सब कुछ भूल गई। एक रात स्वप्न में भगवान शिव आए और उन्हें स्मरण दिलाया। अगले दिन से मां सती भगवान शिव जी की पूजा-उपासना करने लगी। इसी समय प्रजापति दक्ष उनके विवाह हेतु वर ढूंढने लगे, लेकिन मां सती शिव जी को अपना पति मान चुकी थीं। अतः उन्होंने पिता के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। उस समय मां सती की शादी भगवान शिव से हुई। हालांकि, उनके पिता प्रसन्न नहीं थे।

अतः भगवान शिव और प्रजापति दक्ष के मध्य वैचारिक द्वन्द बना रहा। एक बार प्रजापति दक्ष ने महायज्ञ का आयोजन किया। इसमें मां सती को नहीं बुलाया गया। यह जान मां सती व्याकुल हो उठीं। मां सती जाने की जिद करने लगी। भगवान शिव, मां सती की अनुरोध को ठुकरा नहीं सके। हालांकि, पिता के घर पर पहुंचने के बाद उन्हें अपमान सहना पड़ा। उस समय मां सती को आभास हुआ कि उन्होंने आकर गलती कर दी। उस समय उन्होंने यज्ञ वेदी में अपनी आहुति दे दी। कालांतर में मां सती शैलराज हिमालय के घर जन्म लेती हैं। अतः मां शैलपुत्री कहलाती हैं।

## सैकड़ाखेड़ी गांव के मंदिर में की तोड़फोड़ : हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता पहुंचे, पुलिस भी रही तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर के नजदीक सैकड़ाखेड़ी गांव स्थित हनुमान मंदिर में शुक्रवार रात अज्ञात शरारती तत्वों ने तोड़फोड़ कर दी। सुबह जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। पुलिस बल भी मौके पर तैनात है। उक्त कृत्य को करने वालों की तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार शहर के नजदीकी ग्राम सैकड़ाखेड़ी स्थित मैदान में काफी पुराना हनुमान मंदिर है। बीती रात किन्हीं अराजक तत्वों ने मन्दिर में तोड़फोड़ कर दी। शनिवार सुबह जब गांव के कुछ युवा पूजन करने पहुंचे तो उन्हें प्रतिमा खंडित नजर आई और



सामान बिखरा नजर आया। उन्होंने इसकी सूचना तत्काल हिन्दू संगठनों को दी। मौके पर बड़ी संख्या में बजरंग दल और विहिप कार्यकर्ता पहुंच गए थे। जानकारी मिलने के बाद पुलिस बल भी मौके पर जा पहुंचा और हिन्दू संगठनों को आश्वस्त कराया कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। समाचार लिखे जाने तक घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा थी। वहीं, पुलिस भी किसी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए तैनात थी। मामले में कोतवाली थाना प्रभारी गिरीश दुबे का कहना है, घटना की सूचना मिलने के बाद तत्काल पुलिस मौके पर पहुंच गई है। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

## खबर संक्षेप



### नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहा पौधरोपण

**सीहोर।** कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देशानुसार जिलेभर में अनेक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिले के सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण के उद्येश्य से पौध लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिलेभर में अनेक पौधरोपण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

### बारिश में करंट से बचने के उपाय बताए

**सीहोर।** मानसूनी मौसम के दौरान हवा में नमी के कारण करंट लगने की आशंका ज्यादा रहती है। करंट से लोगों की मौत हो जाती है। इनमें से ज्यादातर मौतों को टाला जा सकता है। ज्यादातर मौतें घरों में अर्थिंग नहीं होने या कमजोर अर्थिंग की वजह से होती है। अर्थिंग या तो स्थानीय स्त्रोत से प्राप्त की जा सकती हैं या घर पर ही गहरा गड्ढा खोदकर खुद बनाई जा सकती हैं। घर में अर्थिंग की उचित व्यवस्था करें। हरे रंग के तार को हमेशा याद रखें, इसके बिना कभी बिजली उपकरण का प्रयोग न करें, खास कर जब यह पानी के स्त्रोत को छू रहा हो।

### मत्स्य क्रय-विक्रय पर 15 अगस्त तक प्रतिबंध

**सीहोर।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि प्रजनन के दृष्टिगत रखते हुये और उन्हें संरक्षण देने के लिए राज्य के सभी प्रकार के जल संसाधनों में जहां पर मत्स्य प्रजनन की संभावना को देखते हुये कलेक्टर प्रवीण सिंह ने मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम-1948 के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में अधिघोषित किया गया है। अधिनियम-1981 के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास या 5000 रुपए जुर्माना या दोनों से दंडित किये जाने का प्रावधान है।

### जिला सहकारी संघ मर्यादित कार्यालय में अन्तरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया

# सहकारिता का मूलमंत्र है हम सब एक के लिए, एक हम सबके लिए : ठाकुर

सहकारिता को एक सूत्र में बांधने के लिए 1895 में अन्तरराष्ट्रीय परीसंघ की स्थापना की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शनिवार को जिला सहकारी संघ मर्यादित सीहोर कार्यालय में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जुलाई माह के पृथम शनिवार को अन्तराष्ट्रीय सहकारिता दिवस रंजीत सिंह रैकवाल वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक के मुख्य अतिथि में एसके सक्सेना प्रशासक जिला सहकारी संघ एवं आडिट आफिसर सहकारिता की अध्यक्षता में रामनारायण चौधरी जिलाध्यक्ष सहकार भारती, रघुवीर सिंह दांगी जिलाध्यक्ष किसान कांग्रेस, जगदीश चन्द्र चन्द्रवंशी दुग्ध संस्था प्रबंधक मुहाली, बज्रमोहन चन्द्रवंशी दुग्ध संस्था प्रबंधक करंजखेड़ा, पंकज गौर दुग्ध संघ पर्यवेक्षक के विशेष आातिथ्य में आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर किया।

इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों का स्वागत तेजसिंह ठाकुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा पुष्पमालाओं से करते हुए अन्तरराष्ट्रीय सहकारी दिवस के महत्व को समझाते हुए कहा कि सहकारिता का मूलमंत्र है हमसब एक के लिए एक हमसब के लिए। आपस में मिलकर जो सहयोग की भावना से कार्य करें वही सहकारिता है। इस वर्ष भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ नई दिल्ली द्वारा अन्तरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस का मुख्य विषय सहकारिता सभी के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण करती है इस आन्दोलन को जन-जन पहुचाने का कार्य सहकारी संस्थाओं के माध्यम से किये जाने हेतु इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य है।

एसके सक्सेना आडिट आफिसर द्वारा कहाकि सहकारिता को एक सूत्र में बांधने के लिए 1895 में अन्तराष्ट्रीय परीसंघ की स्थापना की गई। परिसंघ को लगा की परिसंघ की कार्यसमिति द्वारा निर्णय लिया गया कि अन्तरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के लिए एक दिवस निर्धारित होना चाहिए । 1923 को परीसंघ की बैठक में सर्वसम्मति से जुलाई माह के पृथम शनिवार को अन्तराष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाने का निर्णय लिया । रंजीत सिंह रैकवाल मुख्यातिथि द्वारा सम्बोधित करते हुए कहाकि सहकारी संस्थाओं के गठन हेतु ऐसे 21 व्यक्ति जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो तथा उनका उद्देश्य एक हो सहकारी समिति का गठन कर सकते हैं । इसके लिए सहकारिता विभाग में आनलाइन आवेदन कर संस्था का पंजीयन करा सकते हैं ।

रघुवीर दांगी विशेष अतिथि द्वारा सम्बोधित करते हुए कहा कि सहकारिता के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक विकास किया जा सकता है। किसान भाई खेती किसानी के अतिरिक्त ग्रामीण स्तर पर सहकारी समिति गठित कर आर्थिक सामाजिक विकास कर सकते हैं । इस अवसर पर उपस्थिति सभी व्यक्तियों को जिला सहकारी संघ मर्यादित सीहोर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तेजसिंह ठाकुर द्वारा एक—एक पौधा प्रदाय किया गया और अनुरोध किया कि आप अपने घर, आंगन, खेत मेंड़ पर पौधा लगाये और उसकी देखभाल अच्छे से करने के लिए निवेदन किया ।

## हितग्राहियों के खाते में डाली गई 70 करोड़ 20 लाख 29 हजार 820 रुपए अनुदान राशि



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा टीकमगढ़ जिले के ग्राम छिपरी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की इस वर्ष की प्रथम किश्त, लाड़ली बहना योजना, 450 रुपये गैस सिलेंडर रीफिल योजना एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की अनुदान राशि का अंतरण किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का प्रसारण जिलेभर में जनप्रतिनिधियों, शासकीय सेवकों, नागरिकों तथा हितग्राहियों द्वारा देखा गया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत प्रदेश के 8100000 किसानों के खाते 1630 करोड़ रूपये से अधिक, लाड़ली बहना योजना की 12900000 बहनों के खाते में 1574 करोड़ से अधिक, 450 रूपये गैस सिलेंडर रीफिल योजना के 2400000 हितग्राहियों के खाते में 41 करोड़ से अधिक एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 5500000 हितग्राहियों के खाते में 330 करोड़ रूपये से अधिक की राशि का अंतरण किया गया।

जिला मुख्यालय स्थित एनआईसी कक्ष से कलेक्टर प्रवीण सिंह सहित अनेक अधिकारी एवं हितग्राही कार्यक्रम वर्चुअल शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा सीहोर जिले के मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के 162240 किसानो के खाते मे 32 करोड़ 44 लाख 80 हजार रूपये, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 113472 हितग्राहियों के खाते में 6 करोड़ 80 लाख 68 हजार 200 रूपये, 450 रूपये गैस सिलेंडर रीफिल योजना के 47157 हितग्राहियों के खाते में 67 लाख 10 हजार 120 रूपये, लाड़ली बहना योजना की 247526 बहनों के खाते में 30 करोड़ 27 लाख 71 हजार 500 रूपयें की अनुदान राशी सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की गई।

# सड़कों पर बैठे मवेशी, हादसों का अंदेशा, जिम्मेदार नहीं देते ध्यान



**भैरूंदा।** नगर के मुख्य मार्ग पर मवेशियों का जमावड़ा यातायात के लिए एक बड़ी समस्या बन गई। दिन में ही नहीं बल्कि रात में भी इस मार्ग के विभिन्न गांव एवं शहरी क्षेत्र में सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा रहता है जिसके कारण यातायात काफी खतरनाक हो गया है। शहर की मुख्य सड़कों आम रास्तों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहने से वाहन चालकों सहित राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे कभी भी दुर्घटनाएं घट सकती हैं।

मुख्य सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा के कारण लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही है परंतु जिम्मेदारों द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है और मवेशियों का जमावड़ा हटने का नाम नहीं ले रहा है। जानकारी हो कि लोग अपने अपने घरों में पशु धन के रूप में मवेशियों का पालन करते आ रहे हैं। भैरंदा सहित ग्रामीण क्षेत्रों के गावों में घरेलू में मवेशियों को पशुधन के रूप में पूजा की जाती है और प्रतिवर्ष दिवाली के मौके पर पशुधन की पूजा अर्चना के लिए सोहराय एवं गोवर्धन पूजा उत्सव का आयोजन होते आ रहा है। हर मौजा में चरागाह हुआ करता था जहां मवेशी बरसात के दिनों में विचरण करते थे। अन्य दिनों में भी यहां मवेशियों का जमावड़ा रहता था। भैरूंदा में लोग अपने घरों में मवेशियों के पालने को झमेला समझने लगे और धीरे-धीरे गांव में मवेशियों की संख्या घटने लगी। पहले के दिनो बेलो को कृषि कार्य में भी पयोग किया जाता था। परंतु अब इस ट्रैक्टर के युग में बड़े-बड़े किसान भी बैल या भैंसा रखना छोड़ ट्रैक्टर से खेती करने लगे हैं।

# परिवार कल्याण की अस्थाई सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य के लिए सीएचओ और आशा कार्यकर्ताओं को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



विश्व जनसंख्या स्थिरता माह (11 जुलाई से 11 अगस्त) के तहत वर्ष 2023-2024 में परिवार कल्याण अस्थायी सेवाओं, अंतरा इंजेक्टेबल, ईएसबी-1 एवं ईएसबी-2 सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ताओं तथा अंतरा सेवाएं प्रदान करने के लिए सीएचओ को इछावर में आयोजित विकासखंड स्तरीय सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले को भारत सरकार द्वारा परिवार विकास कार्यक्रम मिशन में शामिल किया गया है। जिसके अंतर्गत भारत सरकार के लक्ष्य अनुसार जिले की प्रजनन दर लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें परिवार कल्याण अस्थायी सेवाओं की महती भूमिका है। जनसंख्या स्थिरता माह-2024 के अंतर्गत लक्षित वर्ष 2023-2024 में अंतरा इंजेक्टेबल सेवाएं प्रदान करने के लिए सीएचओ हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर गोलूखेडी पुष्पा मालवीय को प्रथम पुरस्कार, एसडब्ल्यूसी (हरसपुर) पूनम भलावी को द्वित्तीय पुरस्कार तथा एचडब्ल्यूसी ढाबला माता सीएचओ कृष्णा परमार को तृतीय पुरस्कार को प्रदान किया गया। ईएसबी-1, ईएसबी-2 सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए आशा कार्यकर्ता गायत्री (कुशलपुरा) को प्रथम पुरस्कार, रानू (अमलाहा) को द्वित्तीय पुरस्कार, चिंता (खैरी) को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अंतरा इंजेक्टेबल प्रोत्साहन के लिए आशा कार्यकर्ता सपना (भाउखेडी) को प्रथम, मणी बाई (जामली) को द्वित्तीय तथा रेखा बाई (इमली पठार) को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

# बीएसआई मैदान पर खिलाड़ियों ने किए श्रद्धासुमन अर्पित



**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर शुक्रवार की शाम को प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व सचिव स्व. प्रमोद पटेल की पुण्य तिथि पर एक दर्जन अधिक खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह से पहले यहां पर मौजूद सभी खिलाड़ियों ने स्वर्गीय पटेल को श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय के निर्देशानुसार यहां पर खिलाड़ियों ने सबसे पहले काका की याद में एकलव्य क्रिकेट अकादमी और पीपीसीए अकादमी की ओर से पौधा रोपण किया और उसके बाद श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी ने की। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला क्रिकेट एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि इस मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी ने कहा कि स्व. पटेल खिलाडिय़ों के लिए सदैव समर्पित थे। हर समय मैदान और खिलाड़ियों के लिए सक्रिय रहने वाले काका की स्मृति में लंबे समय से अनेक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यहां पर बड़ी संख्या में खिलाड़ियों के द्वारा उनके कार्य के प्रति उनको याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए, इसके अलावा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का सम्मान भी किया गया। एसोसिएशन के सचिव तिवारी ने बताया कि अभी वर्तमान में इसी मैदान पर खेलने वाले 14 वर्षीय खिलाड़ी अराव मसीह ने भी भोपाल संभाग टीम सहित अन्य टीमों में रहकर अनेक शानदार प्रदर्शन किए है। कार्यक्रम के दौरान एसोसिएशन के वीरू वर्मा, एकलव्य अकादमी के संरक्षक जगदीश कुशवाहा, मनोज दीक्षित मामा, अतुल कुशवाहा, मदन कुशवाहा, पीपीसीए अकादमी के कोच चेतन मेवाड़ा, अतुल त्रिवेदी, आदर्श राय, सुरेन्द्र रल्हन, इरफान हुसैन, महेंद्र शर्मा, नवनीत तोमर, अक्षय दुबाने, आशीष शर्मा, नागेंद्र व्यास, कमलेश पारोचे, सचिन कीर, हेमंत केसरिया, संजय पटेल, गौरव खरे, अमित कटारिया, रुपेश पारोचे, निखिल ठाकुर, राकेश धनगर, संतोष पांडे, अमित शर्मा, प्रकेंश राय, सुनील जलोदिया आदि शामिल है।

# भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने लगाया पौधा, सभी को लगाने के लिए दिया संदेश



**सीहोर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आह्वान पर प्रदेशभर में एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत जगह-जगह पौधरोपण हुआ। इसी कड़ी में सीहोर में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने भी सेकलाखेड़ी रोड स्थित शनि मंदिर परिसर में अपने समर्थकों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ में अभियान के तहत पौधरोपण किया। उन्होंने यहां पर फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाए। इस अवसर पर श्री अरोरा ने कहा कि जब कोई अभियान मां के साथ शुरू होता है तो वह सिर्फ अभियान ही नहीं रह जाता है। वह हम सबका अभिमान भी बन जाता है और इस अभिमान को बनाने में हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने हम सबका मार्गदर्शन किया है। इसलिए आज हम सब इस अभियान का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि एक पौधा मां के नाम सिर्फ अभियान ही नहीं है, बल्कि हर व्यक्ति के लिए ये अभिमान है। सभी अपनी मां के साथ एक पौधा लगाकर पर्यावरण को संरक्षित करने में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने सभी लोगों से आह्वान किया कि वह अपने बच्चों, अपने माता-पिता एवं किसी भी विशेष अवसर पर अपने घर एवं आसपास एक पौधा जरूर लगाए और उस पौधे को संरक्षित करने का संकल्प भी ले। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने कहा कि आज जिस तरह से पर्यावरण की हानि हो रही है, पर्यावरण प्रदूषण हो रहा है उसके लिए पौधे लगाना बेहद जरूरी है। सभी अपने अपने आसपास पौधरोपण करें और पर्यावरण को बचाएं।

## पुलिया से पानी की निकासी नहीं होने के कारण खेतों में बारिश का पानी भर रहा है

# खेतों में पानी भर जाने से सड़ रही है सोयाबीन की फसल किसानों ने की पुलिया से पत्थर मुरुम हटवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

चरनाल से अहमदपुर रोड के बीच पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई गई पुलिया रोड के दोनों तरफ के किसानों के लिए मुसीबत बनी हुई है। पुलिया से पानी की निकासी नहीं होने के कारण खेतों में बारिश का पानी भर रहा है। खेतों में भरे बारिश के पानी से सोयाबीन की फसल खराब हो कर सडऩे लगी है। चरनाल के किसानों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर पुलिया के पाइप की दोनो तरफ से सफाई कराने की मांग जिला प्रशासन से की है।

पीडब्ल्यूडी द्वारा पुलिया के नीचे पानी निकासी के लिए मोटा पाइप डाला गया है लेकिन पाइप में दोनों तरफ से पत्थर मुरुम गाद भरी हुई है जिसके चलते पानी का



बहाव पूरी तरह से रूका हुआ है। पुलिया से बारिश का पानी निकलकर सरकारी नाले से होकर नदी में गिरता है। पुलिया में कुछ किसानों के द्वारा जानबूझकर भी बारिश के पानी के बहाव को मोडऩे के लिए मिटटी मुरुम पत्थर जैसी पानी को रोकने वाली सामग्री को डाल दिया गया है। किसानों के द्वारा विरोध करने पर मारपीट की धमकी दी जाती है।

पीडब्ल्यूडी और कुछ स्थानीय किसानों की लापरवाही की सजा अन्य किसानों को भुगतनी पड़ रही है। पीड़ित किसानों ने श्यामपुर तहसीलदार को भी मामले से अवगत कराया है लेकिन अबतक पीडब्ल्युडी द्वारा पुलिया से मिटटी मुरुम पत्थर नहीं निकाला गया है। कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान बाबू खान,रज्जाक खान, रूआब खान अन्य किसानों ने तत्काल उचित कार्रवाई की मांग की है।

### युवा भाजपा नेता सुदीप प्रजापति को सौंपी मंडल अध्यक्ष की कामना



**सीहोर।** शनिवार को भाजपा के युवा नेता और पीजी कालेज की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुदीप प्रजापति को सीहोर के लोकप्रिय विधायक सुदेश राय की अनुशंसा पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने भाजपा नगर मंडल की कामना सौंपी है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं कार्यालय प्रभारी भगवानदास सबनानी ने इस संबंध में भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि मालवीय को पत्र प्रेषित किया है। नव नियुक्त प्रजापति ने इस मौके पर शहर के प्राचीन गणेश मंदिर पर पहुंचकर दर्शन किए और क्षेत्रवासियों के लिए मंगल कामना करते हुए कहा कि हमें गर्व है कि हम देश की सबसे बड़ी पार्टी के कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि मुझे नगर मंडल का दायित्व सौपा है। भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को संगठित कर अपने दायित्वों का निष्ठा पूर्वक निर्वाहन करते हुए अधिक से लोगों को भाजपा से जोड़कर प्रदेश नेतृत्व के निर्देश का पालन करूंगा। साथ ही सबका साथ सबका विकास स्लोगन से प्रेरणा लेकर पार्टी हित में काम करूंगा।

## पहली ही बारिश में क्षतिग्रस्त हुई एप्रोच रोड, पेचिंग के अर्थवर्क में भी आई दरारें


# प्रधानमंत्री सड़क की पुलिया निर्माण में उजागर हुई लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भारत सरकार एवं मप्र शासन द्वारा वित्त पोषित प्रधानमंत्री सड़कों एवं उनके पुल-पुलिया निर्माण में पूर्व में अनेकों स्थानों से शिकायतें मिल चुकी हैं। निर्माण एजेंसी के कार्यों पर विभागीय मॉनिटरिंग न होने से वे घटिया काम कर जाते हैं जिसका खामियाजा बाद में वाहन चालकों के साथ ही स्थानीय लोगों को परेशानियों के रूप में भुगतना पड़ता है। टोड़ी से लसुड़लिया मीना गांव तक कुछ ही माह पूर्व प्रधानमंत्री सड़क के तहत सड़क का निर्माण करवाया गया है। इस सड़क के बीच के एक नाले पर पुल भी बनाया गया है। हालिया बने इस पुल की एप्रोच रोड के दोनों तरफ अर्थवर्क में बड़ी-बड़ी दरारें आ चुकी हैं। इसके साथ ही पुलिया के समीप बनी प्रोटेक्शन वाल में की दीवार में भी दरारें पड़ चुकी हैं।

समीप की ही डामरीकृत सड़क ने भी बैठक ले ली है और वहां मोटी-मोटी दरारें पड़ चुकी हैं। ग्रामीण निरपत सिंह लोधी, प्रकाश धनगर, कमल सिंह सहित अन्य ने बताया कि निर्माण के समय उन्होंने एजेंसी से घटिया काम व मटेरियल की शिकायत की थी लेकिन उनके द्वारा कोई बात नहीं सुनी गई। उस समय किया गया घटिया निर्माण अब जाहिर होकर सामने आ चुका है।

### प्रोटेक्शन वॉल में भी रिपेयरिंग की दरकार





### उच्चाधिकारियों से करेंगे शिकायत

टोड़ी निवासी ग्रामीण जयपाल सिंह खिंची ने बताया कि करीब ढाई करोड़ की लागत से उक्त सड़क व पुलिया का निर्माण विभाग ने करवाया है। लेकिन, जिम्मेदारों ने ठेकेदार के कामों पर तनिक भी ध्यान नहीं दिया। यही कारण है कि पहली बारिश ही यह घटिया निर्माण नहीं झेल पाया है। इस बात की शिकायत अब राजधानी दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री सड़क के हेड ऑफिस में की जा रही है। खिंची ने बताया कि फिलहाल उनकी मांग है कि चूंकि, सड़क ग्यारंटी पीरियेड में है और आगामी पांच सालों तक निर्माण एजेंसी को ही इसका रख-रखाव करना है। ऐसे में तुरंत रिपेयरिंग कार्य करवाया जाए, ताकि किसी तरह का बड़ा नुकसान या जनहानि होने से बच सके।

### अधिकारी से नहीं हो पाया संपर्क

उक्त घटिया निर्माण को लेकर हरिभूमि ने प्रधानमंत्री सड़क योजना के जीएम संजय श्रीवास्तव से अनेकों बार संपर्क करना चाहा। लेकिन, उनसे बातचीत नहीं हो पाई। टोड़ी सहित आसपास के अन्य ग्रामों के ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द रिपेयरिंग करवाई जाए अन्यथा वे सड़क पर आकर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

# नर्सिंग केंद्र परिसर में खड़े वाहन के नए टायर बदलकर लगा दिए पुराने

## जिला अस्पताल के शासकीय वाहन का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




जिला अस्पताल प्रबंधन के पास अनेकों शासकीय वाहन हैं। इन्हीं में से एक क्वालिस वाहन इन दिनों जीएनएम नर्सिंग केंद्र परिसर में खड़ा हुआ है। कुछ माह पूर्व तत्कालीन सीएमएचओ डॉ. दीपक पिप्पल के कार्यकाल के दौरान इस क्वालिस वाहन के चारों टायर खराब होने पर खरीदी करते हुए नए टायर लगवाए गए थे।

उक्त चारों नए टायरों को अज्ञात व्यक्ति द्वारा खोलकर उनके स्थान पर पुराने टायर लगा दिए गए हैं। यह कार्य प्रथम दृष्टया किसी चोर का नहीं जान पड़ रहा, क्योंकि चोर टायर खोलकर ले जाते लेकिन उनकी जगह पर दूसरे टायर नहीं लगाते। ऐसे में आशंका है कि विभाग के ही किसी व्यक्ति द्वारा उक्त कृत्य किया गया है। हालांकि, अब यह जांच का विषय है कि नए टायरों को खोलकर कौन ले गया। जीएनएम केंद्र में लगे सीसीटीवी फुटेज से सबकुछ साफ जाहिर होकर सामने आ सकता है।

**इनका कहना है...**

यह जानकारी नहीं है कि किसने टायर बदल दिए हैं। हां, टायर जरूर हमने नए लगवाए थे। मामले को दिखवाता हूं।
- **बिहारी बाबू,** वाहन प्रभारी, जिला अस्पताल राजगढ़

## पेवर्स लगवाने पर पार्षद का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

*नगर के वार्ड नं 10 में बुनियादी स्कूल के पास इमामबाड़े वाली गली में वार्ड पार्षद इकबाल हुसैन द्वारा पेवर्स ब्लाक लगवाए गए, जिसकी इब्तिदा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री सैयद वकार अली द्वारा की गई एवं सभी मोहल्लेवासियों द्वारा वार्ड पार्षद का स्वागत कर शुक्रिया अदा किया।*



# गर्ल्स कॉलेज में दीक्षारंभ समारोह मनाया, छात्राओं को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा




गर्ल्स कॉलेज में गुरुवार को दीक्षारंभ समारोह मनाया गया। नव प्रवेशित विद्यार्थियों का संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ नीता पांडे द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉक्टर विनीता प्रजापति दीक्षारंभ प्रभारी द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत भाषण से की गई। महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों द्वारा छात्रों को अपना परिचय दिया गया। प्रोफेसर रामाशीष यादव सहायक प्राध्यापक भौतिकी द्वारा छात्राओं को प्रवेश नियम, प्रयोगशाला, पुस्तकालय संबंधी जानकारी प्रदान की गई। डॉ संध्या जैन प्राध्यापक समाजशास्त्र ने छात्राओं को संबोधित करते हुए सामाजिक गतिविधियों स्नेह सम्मेलन, युवा उत्सव एवं कला संकाय संबंधी जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय की एनसीसी अधिकारी द्वारा छात्राओं को एनसीसी एवं एनएसएस संबंधी जानकारी दी गई एवं उसका महत्व समझाया गया उससे क्या-क्या फायदे हैं इसको भी विस्तार से बताया छात्राओं को बताया। कुंदन रारैया ने खेल, छात्रवृत्ति संबंधी जानकारी देते हुए छात्राओं को प्रतिदिन महाविद्यालय आने के लिए भी प्रेरित किया। सभी छात्राओं को एनईपी 2020, शोध, विषय वस्तु की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

# मालिक के शव वाहन के साथ मुक्तिधाम तक दौड़ता रहा कुत्ता

### राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक नागर का निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पशुओं में भी इंसान की माफिक मानवीय संवेदनाएं हुआ करती हैं। यह बात शुक्रवार को उस समय पुनः चरितार्थ हुई जब एक शिक्षक के निधन उपरान्त उनका पालतू कुत्ता शव वाहन के पीछे-पीछे 3 किमी तक दौड़ता हुआ मुक्तिधाम तक पहुंच गया और अंतिम क्रिया तक वहीं बैठा रहा। जिसने भी इस दृष्य को देखा वो भावुक हो उठा।

राजगढ़ के हायर सेकन्ड्री स्कूल में अनेकों वर्ष अंग्रेजी विषय के व्याख्याता रहे, पूर्व डीपीसी एवं कथावाचक शिक्षक केके नागर का शुक्रवार रात्रि निधन हो गया। वे काफी समय से बीमारी से जूझ रहे थे। उनके निधन का समाचार सुनते ही समूचे राजगढ़ नगर में शोक की लहर दौड़ गई। शुक्रवार को अंतिम क्रिया के लिए उनके शव को खुजनेर रोड से बांसवाड़ा स्थित मुख्य मुक्तिधाम ले जाने की तैयारी हुई। स्व. नागर एक कुत्ते को रोजाना रोटियां दिया करते थे। जब शव वाहन मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान हुआ तो वह कुत्ता भी वाहन के साथ-साथ दौड़ लगाने लगा और करीब 3 किती के सफर तक मुक्तिधाम तक दौड़ता रहा। शवयात्रा के साथ चल रहे सैकड़ों लोग इस बात की साक्षी बने। मृत्यु तक साथ निभाने की कुत्ते की यह वफादारी सोशल मीडिया पर पूरी दिन वायरल होती रही।

### बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे स्व. नागर

दिवंगत नागर अपने सरल स्वभाव के कारण समूचे राजगढ़ के लोकप्रिय व्यक्तित्व के रूप में अपनी पहचान रखते थे। अनेकों उपलब्धियों के चलते राष्ट्रपति पुरस्कार भी उन्हें मिल चुका था। अनेकों समारोह में मंच संचालक के रूप में उनकी प्रतिभा हमेशा जानी जाती थी। गत वर्ष नगर के श्री अंजनीलाल धाम मंदिर में उन्हें कथावाचक के रूप में भागवत कथा का श्रवण भी भक्तों को करवाया। वर्तमान में वे ब्लॉक के पाड्लियाखेड़ी हाईस्कूल में बतौर व्याख्याता पदस्थ थे।



# अमरनाथ यात्रा के जत्थे को विधायक ने शुभकामनाएं देकर किया रवाना




**कुरावर।** नगर में शुक्रवार को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए 23 सदस्यी समूह का भक्तों का जत्था कुरावर से रवाना हुआ। भक्तों को शुभकामनाएं देने के लिए मंगल यात्रा की प्रार्थना को लेकर विधायक मोहन शर्मा भोपाल स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने सभी भक्तों को शुभकामनाएं दी। साथ ही यात्रा में होने वाली सावधानियां के बारे में बताया। इससे पूर्व कुरावर से नगर परिषद अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी ने अमरनाथ यात्रा को जाने वाले जत्थे के सदस्यों को पुष्प माला पहना कर उनको रवाना किया इन दोनों भाजपा नेता कैलाश राज, पार्षद कमल दला, सचिन गिरी, राजकुमार चैकसे, भूपेंद्र सिंह भदोरिया, हेमराज चैधरी आदि उपस्थित थे। अमरनाथ यात्रा को जाने वाले ओम शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि राजेश पटेल, रामेश्वर नगीना, संतोष पटेल, उपेंद्र सिंह भदोरिया, आशीष शर्मा, राकेश मीणा, कमल बाबा, रामा मैनपुरिया, कपिल मंडलोई, विनोद पटेल ,चेतन छाबड़ा, मनोज मीणा, दिव्यांशु शर्मा, रोहित चंद्रवंशी, पुलिस कर्मी राजेश यादव, प्रदीप बैरागी आदि शामिल थे।

## घर से लापता हुई महिला पुलिस ने मामला दर्ज किया

**जीरापुर।** समीपवर्ती ग्राम लक्ष्मणपुरा (खेड़ा) से एक विवाहित घर से बिना बताए ही निकल गई। जिसका कोई सुराग नहीं लग सका है। लक्ष्मलपुरा ( खेड़ा) निवासी नानूराम पिता रतनलाल नायक उम्र 27 वर्ष ने दर्ज रिपोर्ट में बताया की मेरी पत्नी सपना नायक अपने घर से बीते बुधवार की दोपहर में कहीं चली गई। इसके बाद से ही उसका कोई पता नहीं चला। महिला की तलाश में पति ने परिजनों से नाते-रिश्तेदारों से लेकर मायके तक तलाश किया, लेकिन महिला का कहीं कोई पता नहीं चला। जब पता नहीं चला तो थाने पहुंचकर महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

## आरोपी गिरफ्तार

**विदिशा।** शमशाबाद पुलिस ने एक साल से फरार बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पाक्सो एक्ट का आरोपी अभिषेक उर्फ अभिताप पिता श्याम सपेरा निवासी ग्राम सराना थाना नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ पिछले 1 साल से फरार था।

# नपा ने स्वच्छ भारत अभियान को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाया




**सारंगपुर।** भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत वर्तमान में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 प्रचलित है। जिसमें शासन के निर्देशानुसार नगरी निकायों में 25 जून से 23 जुलाई 2024 तक शहरी स्वच्छता आधारित एक दिवसीय सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी एलएस डोडिया के निर्देशानुसार होम कम्पोस्टिंग अभियान चलाया गया ओर लोगों को पम्पलेट बाट कर अपने घरों के किचन तथा बगीचे से निकलने वाले कचरे जैसे फल फ्रूट सब्जी फूलो की पत्तियों आदि से खाद बनाने की प्रक्रिया के बारे में समझाया गया। साथ ही होम कम्पोस्ट को विक्रय किया जिसमें लगभग 9 लोगो से 600 रुपये की राशि वसूल की गई। उक्त अभियान में नगर पालिका में स्वच्छता नोडल अधिकारी रीना सिंह गुप्ता, उपयंत्री विक्की ब्राह्मणे, अशोक दीक्षित, स्वच्छता प्रभारी सतीश कंडारे दरोगा जितेंद्र भेरवे मनीष गिरजे अशोक खटक सहित नगर पालिका कर्मचारीगण सहयोगी संस्था आधार फाउंडेशन उपस्थित थे।

## करंट के फैले वायरों से दो मासूम झुलसे

# मौत का जाल, सारंगपुर के मुकेरवाड़ी में खुलेआम हो रही बिजली की चोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शहर के कई मोहल्लों कालोनी में इन दिनों खुलेआम ट्रांसफार्मरों खंबो पर बिजली के तार डाल बिजली चोरी की जा रही है। इन खुले तारों से निवासरत लोगों पर मौत का साया मंडराता हुआ नजर आता है। हाल ही में वार्ड क्रमांक 15 मुकेरवाड़ी में शुक्रवार को कब्रस्तान के समीप खेल रहे दो मासूम बच्चों को इन बिजली के तारों से झुलसे ने की जानकारी मिली है। हालांकि समय रहते परिजनों द्वारा बच्चों को सिविल अस्पताल में भर्ती करने से बालकों को ड्यूटी चिकत्सक डॉक्टर नयन नागर द्वारा उपचार कर दिया है।

जानकारी अनुसार नयापुरा निवासी जिशान पिता सलमान तथा रेजान पिता एजाज घर के समीप मुकेरवाडी कब्रस्तान के पास खेल रहें थे। उस दौरान दोनों बिजली के तार के चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गए। बताया जा रहा है कि बच्चों के घर के समीपस्थ कब्रस्तान में विधुत पोल पर ट्रांसफार्मर लगा हुआ है, अवैध रूप से बिजली के तार डले होने के कारण अक्सर यहां हादसे का अंदेशा बना रहता है।

## नवयुवक, जनप्रतिनिधि सहित छात्र-छात्राएं रही उपस्थित

# नए कानून अधिनियम से लोगों को जागरूक करने रखी गई थाना परिसर में कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

भारतीय संविधान में शासन द्वारा पुराने अधिनियम में संशोधन कर नया कानून देशभर में 1 जुलाई सोमवार से लागू किए गए हैं को लेकर दोपहर 1 बजे थाना परिसर में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

तीन नए आपराधिक कानूनों के बारे में अभिभाषक संघ के अध्यक्ष महेश पीपलोटिया ने अपने उद्बोधन में कानून में हुए संशोधन ओर नवीनीकरण को समझाते हुए कहा संसद द्वारा संविधान में संशोधन करने से विशेष कर महिलाओं को सुविधा होगी, पहले के समय में एफ आई आर लिखाने थाना में जाकर रिपोर्ट दर्ज करानी पड़ती थी लेकिन अब घटना स्थल से ही व्हाट्सएप, फेसबुक, पुलिस की साइड पर जाकर ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज कर सकेंगे, इससे अपराध कम होगा ओर विशेष कर महिलाओं को सुविधा होगी।

सुशील कुमार एसडी एम ने अपने उद्बोधन में कहा संसद द्वारा समय की आवश्यकता अनुसार संविधान में संशोधन किया गया है, जिससे लोगों को काफी सहूलियत होगी वही अपराधों में भी कमी आएगी तथा पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही में पारदर्शिता होगी अर्थात अपनी की गई रिपोर्ट पर क्या कार्यवाही हुई हितग्राही को समय-समय पर जानकारी मिलती रहेगी । धाराओं में हुए विभिन्न परिवर्तनों को समझाते हुए कहा कि नवयुवक पीढ़ी कानून को समझे ओर अपराधों से बचें ओर अपने मौलिक अधिकारों का उपयोग कर ईमानदारी से अपने जीवन को निर्वाह करें।

### ये उपस्थित रहे

इस दौरान कार्यक्रम में एसडीम सुशील कुमार, तहसीलदार सोनू गुप्ता, थाना प्रभारी रघुवीर सिंह धाकड़ सहित अभिभाषक संघ के अध्यक्ष महेश पीपलोटिया ,संगठन के समस्त अभिभाषक, पूर्व नपा अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता,ओम गुप्ता, विजय शर्मा , भाजपा मंडल अध्यक्ष बद्री लाल दांगी आदि भाजपा कार्यकर्ता गण, विद्यालय के छात्र-छात्राएं, पत्रकार गण उपस्थित रहे।

## बिना नंबर के ही चल पड़ीं सीएम राइज स्कूल की बसें

**विदिशा।** बरईपुरा स्थित सीएम राइज स्कूल में संचालित स्कूल बसों के न तो नंबर हैं न ही परमिट और न फिटनेस। रोजाना दूरदराज से सैकड़ों बच्चों को 6 बस स्कूल लेकर पहुंचती हैं और घर छोड़ती हैं। अप्रिय घटना होने पर न तो बस चालक न संचालक और न ही ठेकेदार का पता चल सकेगा। इधर बस चालकों का कहना है कि बसों के कागज हैं पर ठेकेदार के पास रखे हुए हैं। 27 जून को कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में बरईपुरा सीएम राइज स्कूल में बसों का संचालन प्रारंभ कराया गया है। इसके पूर्व विदिशा जिले के ग्यारसपुर सीएम राइज स्कूल में भी पांच बसों का संचालन शुरू हुआ। विदिशा में कुल 6 बस शुरू हुई हैं। स्कूल प्राचार्य और जिला शिक्षा अधिकारी इस मामले में अनभिज्ञता जता रहे हैं। वहीं जिला शिक्षाधिकारी आरके ठाकुर का कहना है कि इस संबंध में अनुबंध की शर्तों का अवलोकन किया जाएगा।

# बीना-ग्वालियर पैसेंजर ट्रेन में सफर कर रही महिला के लाखों के जेवरात चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

बीना-ग्वालियर पैसेन्जर ट्रेन में सफर कर रही एक महिला की लाखों रुपए की ज्वेलरी गुना-म्याना के बीच अज्ञात तीन बदमाश चोरी कर ले गए। महिला शिवपुरी निवासी बताई जाती है। जो गत दिवस गुना से पैसेंजर ट्रेन में सवार होकर शिवपुरी जा रही थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया ज्योति गर्ग पत्नी प्रदीप गर्ग निवासी शिवपुरी ने जीआरपी पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि गत दिवस वह बीना ग्वालियर पैसेन्जर के जनरल कोच से गुना स्टेशन से शिवपुरी की यात्रा कर रही थी। यात्रा के दौरान रेलवे स्टेशन गुना से निकलने के बाद उसने अपना बैग सामने ऊपर वाली सीट पर रख दिया था। दो तीन लोग उस सीट के ऊपर बैठे थे। ट्रेन म्याना स्टेशन पर खड़ी हुई तो ऊपर बैठे यात्री उतर कर नीचे चले गए। वहीं उनका बैग ऊपर ही रखा था। इसके बाद उस सीट पर कोई यात्री नहीं बैठा। जब वह अपने घर शिवपुरी जाकर बैग देखा तो उसमे प्लास्टिक की थैली मे रखा सामान गायब था। जिसमें एक रानीहार 2-3 तोला, मंगलसूत्र 3 ग्राम, चार चूडी 1-1 तोला, चांदी की पायल 3 जोडी 250 ग्राम, पेण्डल जिसमे 10 मोती थे 3 ग्राम, अंगूठी 2-3 ग्राम आदि जेवरात चोरी हो गए। मामले में पुलिस ने आरोपियों पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### जिले में अब तक 212.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**गुना।** जिले में 1 जून से अब तक 212.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो कि सामान्य वर्षा का 20.2 प्रतिशत है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 204.7 औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1053.5 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 5 जुलाई प्रातः 8 बजे तक जिले के वर्षामापी केन्द्र गुना में 156.2 मिमी, बमौरी में 186.0, आरोन में 107.0, राघौगढ़ में 355.0, चाचौड़ा में 238.0, कुम्भराज में 240.0 तथा वर्षा मापी केन्द्र मक्सूदनगढ में 206.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

खबर संक्षेप

## कलश यात्रा का जगह जगह किया स्वागत



**आष्टा।** संत नामदेव समाज द्वारा मीरपुरा स्तिथ मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आज प्रमुख मार्गों से कलश यात्रा निकाली गई।यात्रा का हिंदू उत्सव समिति अलीपुर द्वारा भव्य स्वागत सभी समिति के लोगो को साफा पहनाकर व पुष्प वर्षा कर किया गया।इस अवसर पर समाज सेवी भजन गायक घनश्याम जांगड़ा,हिंदू उत्सव समिति के नव नियुक्त अध्यक्ष आशु शर्मा,बाबू पांचाल,रवि पंड्या,चंदन सेन,राजा मालवीय,ललित बैरागी,सुनील शर्मा,सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## व्यसनमुक्त जीवन जिएं विमलसेवा दास स्वामी



**आष्टा।** भारतीय संस्कृति में नामकरण के पीछे भी अध्यात्म और श्रद्धा का ध्यान रखा जाता है। दिवंगत जमना बाई सचमुच ही पुण्य सलिला यमुना के भांति ही होंगी। जिन्होंने कृष्ण भक्ति और स्वामीनारायण सम्प्रदाय की शिक्षाओं को आत्मसात कर परिवार को धर्मानुरागी और आत्मनिर्भर बनाया। उनके देहावसान से निश्चित ही उनकी कमी अनुभव में आएगी। एक मां के रूप में उनके दिए हुए संस्कारों को आगे बढ़ाना ही सभी परिजनों का कर्त्तव्य होना चाहिए। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। स्वामी नारायण सम्प्रदाय व्यसन मुक्त जीवन और वैष्णव भक्ति धर्म के लिए जाना जाता है। शाकाहार और संयम ही इसके अनुयायियों की पहचान है। सभी लोग भक्ति मार्ग पर चल कर जीवन को सफल बनाए। यह बातें नगर में पधारे स्वामी नारायण सम्प्रदाय के साधु विमलसेवा दास स्वामी तथा साधु निर्माण चरित्र स्वामी ने कुशवाह समाज के अग्रणी भक्तिलाल कुशवाह की दिवंगत पत्नी जमना बाई कुशवाह को श्रद्धांजलि के दौरान कहीं।

### मुनि प्रमाण सागर महाराज और निर्वेश सागर महाराज ने दिए आशीष वचन

# भक्त बनने का अहंकार नहीं, अहंकार को समाप्त करने का प्रयास करें: मुनिश्री

मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज का ससंघ हुआ मंगल प्रवेश, जगह -जगह पादप्रक्षालन किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



व्यक्ति को भक्त बनने का अहंकार नहीं करना चाहिए,अहंकार को समाप्त करने का प्रयास करें,आष्टा की समाज में गुरु भक्ति कूट -कूट कर भरी है। धर्म से जो आत्म शांति मिलती है वह दुनिया में कहीं नहीं मिलती है। पार्श्वनाथ भगवान पर दस भव तक भयंकर उपसर्ग आएं, उन्होंने कोई पाप नहीं किए थे, फिर आपके जीवन में दुःख आते हैं तो घबराना नहीं, दुःख का धैर्य पूर्वक सामना करें।धर्म करने से विपत्तियां टलेगी, मुश्किल व बिगड़े काम होंगे।हम अपनी कमी को स्वीकार नहीं करते, जिसके कारण जिंदगी में दुःख आता है। जो संयम की राह चलेगा उसका जीवन हीरा मय होगा। तपस्या से निश्चित जीवन में आनंद आता है। तप आने से रत्नात्रय में बढ़ोत्तरी होती हैं। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर शंका समाधान एवं सम्मेद शिखर जी में गुणायतन तीर्थ प्रणेता मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज एवं मुनिश्री निर्वेग सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं।

मुनिश्री के प्रवचन की जानकारी देते हुए समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारंभ में संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के चित्र का अनावरण पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार सहित संरक्षक आदि ने कर श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद लिया। मुनिश्री निर्वेग सागर महाराज ने इस अवसर पर कहा कि आष्टा में गुरु की कृपा व आशीर्वाद से पहले चातुर्मास व पंचकल्याणक महोत्सव किया।आप लोगों को हर साल चातुर्मास मिल रहा है।आप लोगों ने श्रद्धा और आस्था से हमारे चातुर्मास में धर्म लाभ लिया था और आचार्य भगवंत विद्यासागर महाराज द्वारा रचित मूक माटी का पूरा अध्ययन कराया था। अपनी कमी सहज स्वीकार करें। हम अपनी कमी को स्वीकार नहीं करते जिसके कारण जिंदगी में दुःख आता है। जो संयम की राह चलेगा उसका जीवन हीरा मय होगा। तपस्या से निश्चित जीवन में आनंद आता है। व्यक्ति के जीवन में तप आने से रत्नात्रय में बढ़ोत्तरी होती है । देव, शास्त्र एवं गुरु का सम्मान तो करते हैं, उसी के साथ घर में बड़े के प्रति विनय और छोटे के प्रति वात्सल्य भाव रखें।विनय के अभाव में कोई महत्व नहीं।विनय बिना पुरुषार्थ बेकार है।जैसा हम देंगे वैसा ही मिलेगा।विनय मोक्ष का मार्ग है। बड़ों की बात कभी न काटे। आप लोगों को बिना मांगे सब-कुछ मिलता है। मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज ने कहा कि हम लोग बड़े भाग्यशाली हैं, जो हमें धर्म आराधना करने के साथ ही साधु समागम मिलता है।हम धार्मिक क्रियाओं का बड़ी तन्मयता से करते हैं। कुछ लोग कहते हैं धर्म करने से मिलता क्या है।

मैं कहता हूं कि धर्म से जो मिलता है, वह संसार में कहीं से भी नहीं मिलता है। सच्चे तरीके से धर्म करने पर इमोशन पर कंट्रोल करता है। धर्म से जीवन अवश्य बदलेगा। हमारा लक्ष्य बदलाव, दृष्टि परिवर्तन की होना चाहिए। धर्म करने से पुण्य लाभ, सद्गति की प्राप्ति यह कहते हैं। धर्म आत्म बोध के साथ करें। सच्चे, यथार्थ धर्मी के दर्शन आपमें करना चाहता हूं। चार दृष्टि पर ध्यान देने को कहा। मुनिश्री ने कहा परम्परागत भाव से धर्म व संस्कार करते आ रहे हैं। धर्म की क्रिया बुरी नहीं उद्देश्य बहुत सही है।धर्म करने से विपत्तियां टलेगी, मुश्किल व बिगड़े काम होंगे। हम परेशानी, कष्ट में धर्म की शरण में जाते है। धर्म करने वाले पर विपत्ति आने पर हम उससे दूर हो जाते हैं। धर्मी पर अधिक विपत्तियां आती है। पार्श्वनाथ भगवान पर दस भव तक भयंकर विपत्तियां आई, विपत्ति आने पर घबराएं नहीं। मुनिश्री ने कहा सोना कसोटी पर ही परखा जाता है। वैश्या की नहीं सती की परीक्षा ली जाती है। धर्म हमारे संकटों को टालता नहीं ,हमें संभालता है। विचलित नहीं होने का सामर्थ्य धर्म देता है। व्यक्ति मैं समझ सही होना चाहिए। धर्म करने पर पुण्य मिलेगा,पाप कटेगा यह सोच है उद्देश्य है। पुण्य दिखाई नहीं देता है। पुण्य -पाप की सही समझ नहीं है आपको । पुण्य से लगाव,पाप से डर है।भाव को जगाओगे, तभी धर्म करने से पुण्य बढ़ेगा। हृदय में पुण्य कमाने के भाव जगाओं, तभी पुण्यमय बनोगे। बनिये हो सिर्फ कमाने की भाषा जानते हो। पाप काटने के लिए नहीं त्याग करने के लिए धर्म करें । धर्म करने का वास्तविक उद्देश्य मन को शुद्ध करने। जीवन के यथार्थ को पहचानने का प्रयास करें। अपनी पहचान बनाने के लिए बहुत लोग धर्म का उपयोग कर रहे हैं। अपनी आत्मा को पहचान कर धर्म करें। अपनी चेतना को जगाएं। धर्म के मर्म को समझ कर धर्म धारण करें। अपने अंदर परिवर्तन का लक्ष्य, उद्देश्य रखें। मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज ने कहा आष्टा में तीसरी बार आया हूं और मंच पर आसीन निर्वेग सागर महाराज सहित हम तीनों महाराज तीन बार आष्टा आ गए हैं। आष्टा का नाम आस्था ही है । अंतरंग से जुड़े, सोने में सुहागा होगा। इनपुट आउटपुट का ध्यान आप रखते हैं उसे अंतरंग में देखने का प्रयास करें। आत्मा के कल्याण की भावना जगाएं।

### मुनि प्रमाण सागर जी की किलेरामा में हुई पाद प्रक्षालन

आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि प्रमाण सागर महाराज, मुनि निर्वेग सागर महाराज तथा मुनि सन्धान सागर महाराज का ससंघ शनिवार को नगर में मंगल प्रवेश हुआ । जगह-जगह आपका पादप्रक्षालन किया गया। इसके पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने अपने साथियों सहित ग्राम किलेरामा में मुनि श्री का पाद प्रक्षालन किया। आचार्य गुरुवर विद्यासागर के शिष्य मुनि प्रमाण सागरजी का संघ सहित इंदौर की ओर पद विहार चल रहा है। जहां उनका वर्षाकालीन चातुर्मास होगा। मुनि संघ के विहार का लाभ विहार पथ में पढ़ने वाले नगर और ग्राम वासियों को भी मिल रहा है। जैन संतों की कठोर तपस्या, आहारचर्या और त्याग व्रत से सधी कठिन जीवन शैली सभी जैन जैनेतर श्रावक-श्राविकाओं को आश्चर्य चकित कर देती है। मुनि श्री के चरण प्रक्षालन का लाभ जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रदीप प्रगति, समाजसेवी अजित जैन आस्था, दिगम्बर जैन समाज के पूर्वाध्यक्ष यतेंद्र श्रीमोड़, मधुसूदन परमार, श्रीराम परमार, लक्ष्मीनारायण परमार, एडवोकेट सुरेंद्र परमार, वीरेंद्र परमार, लोकेंद्र परमार ने भी लिया।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ कल होगा धरना प्रदर्शन

### पूर्व नपा अध्यक्ष वैद्य देंगे धरना



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर परिषद जावर में नेवज नदी के नाम पर करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार करने वाले जिम्मेदार अधिकारी और परिषद पर कार्रवाई करवाने, प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों की पहली और दूसरी किस्त डालने, जावर नगर का नया थाना भवन और स्टाफ क्वार्टर नया बनाने के लिए, वार्ड क्रमांक 6 में पुराने रास्ते पर कैलाश ठाकुर की जमीन से होते हुए मंडी रोड तक अतिक्रमण हटवाने के लिए, वार्ड तीन में रविदास घाट बनाने के लिए, वार्ड 4 और 15 ईदगाह पर स्वीकृत टीन शेड लगवाने, वार्ड क्रमांक 8 और 9 में पुलिया का व्यवस्थित निर्माण करवाने, वार्ड क्रमांक 2 में कजलास रोड पर मालीपुर पुलिया से नाले के साइड मालीपुर वार्ड तक बाउंड्री बनवाने, तथा छोटी-छोटी गुमती एवं फेरी वालों को बार-बार परेशान करने के संबंध में और अन्य जन समस्याओं को लेकर मुख्य बाजार गांधी चौक जावर पर 8 जुलाई सुबह 11 बजे मुख्य बाजार गांधी चौक पर अनिश्चितकालीन धरना नगर परिषद के पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष शैलेश कुमार वैद्य के नेतृत्व में प्रारंभ किया जाएगा। पूर्व नपा अध्यक्ष वैद्य ने नागरिकों से आह्वान किया है कि वह उनके सभी कार्यों के लिए भी मिलने आ सकते हैं। धरने के साथ-साथ जनता की समस्याओं को भी सुनने का कार्य करेंगे।अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का कष्ट करें।

## ग्राम पंचायत खाचरोद में लगाए पौधे



**खाचरोद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए देशव्यापी अभियान एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत खाचरोद में सरपंच शंकर पटेल जाट द्वारा अपनी मां प्रेम बाई के साथ ग्राम के स्कूल श्मशान घाट व पंचायत भवन से बस स्टैंड तक दोनों तरफ रोड पर पौधरोपण किया गया जिसमें बादाम के पौधे रोपे गए। वही शमशान घाट में शीशम, नीम, बड़, जामुन के पौधरोपण किया गया। वहीं शनिवार को ग्राम में 50 पौधे रोप गए। जिसमें टी गार्ड लगाई गई वही पूरे गांव में 250 पौधे लगाने की शुरुआत की गई। इस मौके पर सरपंच शंकर पटेल जाट, जनपद प्रतिनिधि सोनू गुणवान, सचिव लखन वर्मा, रोजगार सहायक सुनील जाट, भुजराम जाट, छगन जाट, लक्ष्मण जाट, राधेश्याम जाट, भरोस जाट, मनोहर मालवी, रतन मालवी ,फूल सिंह पेरवाल, रोहित, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आरती जाट व ग्राम वासी उपस्थित थे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए गए एंटीरेबीज टीकाकरण शिविर, कुत्ते और बिल्लियों को लगाए टीके

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




शनिवार को क्षेत्रीय विधायक गोपालसिंह इंजीनियर की अध्यक्षता में पशु चिकित्सालय आष्टा के प्रांगण में विश्व जूनोसिस दिवस के शुभ अवसर पर इण्डियन इम्यूनोलॉजिकल लिमिटेड कम्पनी के सौजन्य से निःशुल्क एंटीरेबिज टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आष्टा शहर और ग्रामीण क्षेत्र से लगभग 112 डॉग्स और 28 केट्स का टीकाकरण किया गया। रेबीज बीमारी पशुओं में और मनुष्यों में होने वाली खतरनाक बीमारी है।

जिसका उपचार सही समय पर केवल टीकाकरण ही एकमात्र है। इसलिए शहर और ग्रामीण के डॉग्स के साथ केट्स के टीकाकरण से इस बीमारी से निजात मिल सकें। शिविर में विधायक द्वारा पशुपालन विभाग की नवीन एवं सुव्यवस्थित सर्वसुविधा युक्त पशु चिकित्सालय बनाने की मांग को स्वीकार कर बनाने का आश्वासन दिया गया हैं। शिविर में विधायक जी द्वारा वृक्षारोपण कार्य सम्पन्न किया और क्षेत्र की जनता से अनुरोध किया कि बेसहारा एवं अशक्त पशुओं की सेवा और संरक्षित करें। गोशालाओं में भी गायों के टीकाकरण करने के विभाग को निर्देश दिए गए। शिविर में विशेष रूप से - न.पा. अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा उपस्थित होकर पशुओं के सुरक्षा हेतु सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। समाजसेवी पशुप्रेमी डॉ.सुरूचि सिंह द्वारा शिविर में पूर्ण सहयोग किया और आवारा एवं बेसहारा 35 डॉग्स को एकत्रित कर शिविर में टीकाकरण करवाया। शिविर का क्रियान्वयन डॉ.उदयसिंह माहेश्वरी जी द्वारा किया गया एवं डॉ.विनोद शुक्ला डॉ.शुभकरण उमरावसिंह पी.एम. विश्वकर्मा रामपाल अशोक दीपू मनोज रमेश सुनील आदि ने सहयोग प्रदान किया। इण्डियन इम्यूनोलॉजिकल लिमिटेड कम्पनी के प्रतिनिधि जाहिद सलाम एवं वीरेन्द्र साहू उपस्थित रहें। अंत में शिविर में पधारे मुख्य अतिथि विशेष अतिथि आदि सभी का आभार डॉ.उदयसिंह जी माहेश्वरी ने व्यक्त किया।

# एक पेड मां के नाम अभियान की हुई शुरुआत





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

एक पेड़ मां के नाम और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती का कार्यक्रम ग्राम खड़ी हाट में आयोजित किया गया।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खड़ी के प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, भाजपा के जिला महामंत्री और मां के नाम एक पेड़ कार्यक्रम के जिला प्रभारी धारा सिंह पटेल, पूर्व मंडी अध्यक्ष धर्म सिंह आर्य, मेना मंडल के महामंत्री विष्णु परमार, कमल सिंह ठाकुर कुरावर, महेंद्र सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। विधायक ने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि पर्यावरण को हरा भरा करने के लिए हर व्यक्ति को एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए और उसकी सुरक्षा भी करना चाहिए। विधायक ने विद्यालय परिसर में पौधे लगाए कार्यक्रम ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें सभी पंचों ने एक-एक पेड़ लगाने की बात कही। कार्यक्रम को ग्राम पंचायत के सरपंच मनोहर सिंह पटेल ने विद्यालय परिसर में 300 पौधे लगवाकर प्रारम्भ किया। 1100 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। ग्राम पंचायत द्वारा पिछले वर्ष 200 पौधे लगाए गए थे जिसमें सभी के सभी पौधे जीवित हैं।

आयोजित हुए कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खड़ी के समस्त स्टाफ द्वारा एक-एक पौधा व टी गार्ड लगाने की घोषणा की गई। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य कमल सिंह मालवीय, भादर सिंह ठाकुर, राजेंद्र सिंह तोमर, अलका सोनी, महेंद्र सिंह तोमर, लखन लाल जोमर, सतीश वर्मा, देवकरण प्रजापति, उप सरपंच नारायण सिंह कलाकार, ऊकार प्रसाद कंडक्टर गोपाल सिंह ठाकुर, गजराज सिंह पटेल, मुकेश पंच अरविंद पंच, सज्जन सिंह, हुकुम राणा और सभी स्टाफ गांव के सभी वरिष्ठ जन एवं छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में उपस्थित रहे कार्यक्रम का सफल संचालन सीताराम वर्मा के द्वारा किया गया कमल सिंह मालवीय प्राचार्य महोदय द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### आष्टा प्रेस क्लब का साहू मैरीज गार्डन में वार्षिक सम्मान समारोह हुआ आयोजित

# कलेक्टर, विधायक ने सकारात्मक भूमिका निभाने वालों का किया सम्मान







हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा प्रेस क्लब ने नगर के सेमनरी रोड स्थित साहू गार्डन परिसर में कलेक्टर प्रवीण सिंह के मुख्य आतिथ्य, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर की अध्यक्षता व एसडीओपी आकाश अमलकर, रायसिंह मेवाड़ा, दीक्षा सोनू गुणवान,कैलाश परमार, डॉ मीना सिंगी, राकेश सुराणा, धारासिंह पटेल, सीएमओ राजेश सक्सेना के विशेष आतिथ्य में वार्षिक सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर प्रवीण सिंह ने किया। इसके बाद प्रेस क्लब के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कहा कि एक समय था जब हम सभी को देश दुनिया में क्या घटना दुर्घटना घटी है या क्या ताजा खबरें है यह केवल एक निश्चित समय पर ही मिल पाती थी। उस वक्त प्रचार और प्रसार के इतने साधन नहीं थे जो आज सोशल मीडिया के रूप में इस देश में उपलब्ध है। पहले प्रिंट मीडिया के माध्यम से सुबह जब समाचार पत्र आते थे तो देश-विदेश की खबरें,स्थानीय खबरे हमको मिलती थी। आज सोशल मीडिया इतना एक्टिव मीडिया है की 5 मिनट में देश-विदेश की जो घटना दुर्घटनाएं घटती है वह सोशल मीडिया के माध्यम से पूरे देश में प्रचार और प्रचार हो जाती है। यही कारण है कि आज मीडिया का भी रूप बदला है । श्री प्रवीण सिंह ने प्रेस की तारीफ करते हुए उसके सकारात्मक नजरिये की आज खुले मंच से प्रशंसा की । उन्होंने कहा कि समय-समय पर प्रेस एक और जहां हम लोगों की अच्छाइयां भी बताती है वहीं कई बार हम लोगों में भी कुछ कमियां होती है उन कमियों को भी उजागर किया जाता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि आष्टा के पत्रकारों ने जब में विधायक बना तब मेरे समक्ष एक मांग रखी थी की आष्टा में पत्रकार साथियों के लिए एक पत्रकार भवन की आवश्यकता है । तभी मेने आष्टा के पत्रकारों के लिए पत्रकार भवन को लेकर 5 लाख रुपये की राशि की घोषणा कर दी है। जमीन उपलब्ध होते ही उस पर निर्माण कार्य भी शुरू हो जाएगा । वही कार्यक्रम को पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, डॉ मीना सिंगी,जनपद अध्यक्ष दीक्षा सोनू गुणवान, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश सुराणा आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण पंडित अमित तिवारी ने व संचालन संजीव दीक्षित ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर प्रवीण सिंह का व सभी अतिथियों का आष्टा प्रेस क्लब के अध्यक्ष बाबू पांचाल व पदाधिकारीयो ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों के हाथों आष्टा नगर के वरिष्ठ पत्रकारों, शिक्षण संस्थानों के संचालकों और सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले समाजसेवियों का स्वागत एवं सम्मान पत्र भेंट कर उनका सम्मान किया गया । इस अवसर पर आष्टा अनुविभाग के सभी पत्रकार बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## वार्ड 16 के पोलिंग बूथ पर मनाई जयंती

**आष्टा।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती वार्ड नंबर 16 पोलिंग नम्बर 163 पर मनाई गई। जिसमे विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने अपने उद्बोधन में कहा कि जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी वरिष्ठ नेता करोड़ों कार्यकर्ताओ के आदर्श और मार्गदर्शक है डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिन्होने अपने प्राणों को देश की अखंडता संप्रभुता के लिए न्यौछावर कर दिए। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी और अटक से लेकर कटक तक सम्पूर्ण भारत में एक संविधान, एक प्रधान और एक निशान होना चाहिए वो सपना साकार करने के प्रयास हो रहे है। नपाअध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, दिनेश राणा, तोश नारायण भूतिया, सर्वेश पांडे,वीरेंद्र सिंह ठाकुर, नरेंद्र सिंह ठाकुर ,ललित धारवां जितेन्द्र सिंह ठाकुर, कृष्णपाल ठाकुर, धर्मेन्द्र सिंह, वैभव मेवाड़ा नीलेश कुमार अजय वर्मा सहितभारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारीगण, सम्मानित कार्यकर्तागण एवं देवतुल्य आशीर्वाददातागण उपस्थित रहे।